卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 8 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦14 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

अल्मोड़ा ज्वैलर्स
पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।
हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध हैं। मो. 9012749183
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बोलरो खाई में गिरी, तीन की मौत

देहरादून (उद संवाददाता)। हिमाचल से विकास नगर आ रही बोलेरो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गयी। हादसे में बोलेरो सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। वाहन में फंसे मृतकों को एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने बमुश्किल वाहन से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार बोलरो कैंपर संख्या एचपी 63सी 5039 शनिवार को हिमाचल से विकास नगर आ रही थी। मीनस के पास वाहन अनियंत्रित होकर 200 मीटर नीचे नदी में गिर गया। हादसे में वाहन चालक 26 वर्षीय राकेश कुमार पुत्र सूरत सिंह, 35 वर्षीय सुरजीत सिंह पुत्र जगत राम और



48 वर्षीय श्याम सिंह पुत्र भागमल की मौके पर ही मौत हो गयी। तीनों मृतक ग्राम– टिकरी, तहसील– नेरवा, शिमला, हिमाचल प्रदेश के निवासी थे। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की सूचना एसडीआरएफ को दी गयी। सूचना पर पोस्ट त्यूणी में से एसडी आरएफ रेस्क्यू टीम सतेंद्र रावत के नेतृत्व में मय आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल हेतु रवाना हुई। टीम ने घटनास्थल पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए दुर्घटनाग्रस्त वाहन तक पहुँच बनाकर वाहन में फंसे तीनों शवों को बाहर निकाला जिसके पश्चात कड़ी मशक्कत करते हुए वैकल्पिक मार्ग से होते हुए मुख्य (शेष पृष्ठ सात पर)

## मूक बधिर छात्राओं का यौन शोषण

### आवासीय संस्था का संचालक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रदेश में देवभूमि को कलंकित करने वाले महिला यौन शोषण के शर्मनाक मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब गौलापार के मूक बधिर एवं दृष्टिबाधित बच्चों की आवासीय संस्था के संचालक पर दिव्यांग नाबालिग छात्रों के साथ यौन शोषण का आरोप लगा है। पूरे मामले में काठगोदाम पुलिस ने जांच के बाद संस्था के संचालक को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी है। काठगोदाम थाना प्रभारी प्रमोद पाठक ने बताया कि गौलापार स्थित मूक बधिर एवं दृष्टिबाधित बच्चों की आवासीय संस्था की एक 13 वर्षीय नाबालिक छात्रा ने एसएसपी को शिकायत पत्र देखे हुए संस्था संचालक पर अश्लील हरकत और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद एसएसपी के निर्देश पर काठगोदाम थाना पुलिस द्वारा पूरे मामले में जांच की गई। जांच के बाद नाबालिक छात्रा की शिकायत पर मजिस्ट्रेट के सामने अन्य नाबालिग छात्राओं के बयान हुए जहां संचालक पर कई गंभीर आरोप लगाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पर्याप्त साक्ष्य व सबूत जुटाकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## 26 लाख की स्मैक सहित दो तस्कर दबोचे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एएनटीएफ और पुलभट्टा पुलिस टीम ने 2 अंतरराज्यीय ड्रग तस्करों को 260 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 26 लाख रुपए आंकी गई गयी है। एसटीएफ कार्यालय में सीओ सुमित पांडे ने खुलासा करते हुए बताया कि शुक्रवार शाम को एएनटीएफ टीम और थाना पुलभट्टा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 2 अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों दानिश पुत्र अशफाक निवासी मोहनपुर नकटिया थाना कैंट जनपद बरेली और राहत खान पुत्र राशिद खान निवासी पडेरा थाना पडेरा जनपद बरेली को नदेली रोड बरा के पास एक



मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 260 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त पिछले कई सालों से उत्तराखंड में स्मैक की सप्लाई कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तियों ने पूछताछ में बताया गया कि वह यह स्मैक नईम उर्फ शेरा फरीदपुर जनपद बरेली उत्तर प्रदेश से लेकर आये थे। पकड़ा गया अभियुक्त दानिश पूर्व में वर्ष 2020 में थाना कैंट व वर्ष 2022 में थाना शीशगढ़ व थाना प्रेम नगर से चोरी की कई मोटरसाइकिलों सहित गिरफ्तार किया जा चुका है। अभियुक्त दानिश पर जनपद बरेली में कई अभियोग पंजीकृत हैं । दानिश की जान पहचान बरेली जेल में बंद होने के दौरान ही नईम उर्फ शेरा से हुई (शेष पृष्ठ सात पर)

## एयर चीफ मार्शल पहुंचे बद्रीनाथ धाम

चमोली (उद संवाददाता)। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने शनिवार को परिवार के साथ बदरीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ– केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर सिंह पंवार ने एयर चीफ मार्शल का स्वगत किया। प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी ने एयर चीफ मार्शल को प्रसाद भेंट किया। इससे पहले एयर चीफ मार्शल



वीआर चौधरी ने शुक्रवार को चमोली जिले के जोशीमठ स्थित नृसिंह मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और पूजा अर्चना की। उनके साथ पारिवारिक सदस्य और वायुसेना के अधिकारी भी मौजूद रहे। दर्शन के बाद वह भगवान नृसिंह की विशेष पूजा में भी शामिल हुए। मंदिर के पुजारी हनुमान प्रसाद डिमरी ने विशेष पूजा संपन्न कराई। एसडीएम /बीकेटीसी की उप मुख्य कार्याधिकारी कुमकुम जोशी ने उनकी आगवानी की। एसडीएम ने उन्हें भगवान का प्रसाद भेंट किया। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि एयर चीफ मार्शल ने नृसिंह मंदिर के अलावा दुर्गा मंदिर, तिमुंडिया वीर मंदिर, आदिगुरु शंकराचार्य गद्दी स्थल के भी दर्शन किए। इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी विजेंद्र बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी कुलदीप भट्ट, नृसिंह मंदिर के प्रभारी संदीप कपरवाण आदि मौजूद रहे।

## नकाबपोश बदमाशों ने युवक पर तमंचे की बट से किया हमला

### पुलिस दर्ज नहीं कर रही रिपोर्ट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत रात्रि बिंदूखेड़ा पुलिया पर घर आने के लिए दोस्त का इंतजार कर रहे युवक पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे की बट से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने उसका मोबाईल छीनने की भी कोशिश की लेकिन कामयाब नहीं हो सके। शोर मचाने पर लोगों के आ जाने से हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। मलकीत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम रायपुर ने पुलिस को दी तहरार में कहा है कि 11 अक्टूबर की रात्री लगभग 10.30 बजे उसका 17 वर्षीय पुत्र राज सिंह बिन्दुखेड़ा से बाहर नहर वाली पुलिया पर बिन्दुखेडा से घर रायपुर आने के लिए साथी का इन्तजार कर रहा था। तभी अचानक वहाँ पर आये पांच नकाबपोश लोगों ने उसके पुत्र को घेर लिया और मारपीट करने लगे। एक हमलावर ने पुत्र के सिर पर तमचें की बट से वार किया जिससे उसके बायें आँख के उपर खुली चोट आई और काफी खून बहने लगा। पुत्र का मोबाइल छीनने का प्रयास किया। जिसमें वे सफल नहीं हो पाये। तभी वहां कुछ लोगों के आ जाने से हमलावर पुत्र को जान से मार देने की धमकियाँ देते हुये भाग गये। पुत्र से सूचना मिलने पर वह तुरन्त घटना स्थल पर आया और 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस कर्मी घटना स्थल पर आये और पुत्र को जिला चिकित्सालय ले जाकर उपचार कराया। मेडिकलकी प्रति उन्ही पुलिस कर्मियों के पास है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस मामले की रपट दर्ज नहीं कर रही है।

## सगाई के बाद चोरी से वीडियो क्लिप बनाकर दहेज में रखी पांच लाख की डिमांड

### पति सास व मौसी मौसी के खिलाफ कोर्ट ने जारी किये मुकदमा दर्ज करने के आदेश

काशीपुर(उद संवाददाता)। सगाई के बाद होने वाली पत्नी से नजदीकी बढ़ाकर एक शातिर दिमाग युवक ने पहले उसके साथ ऑडियो वीडियो क्लिप बनाया बाद में दहेज के नाम पर पांच लाख रूपयों की डिमांड रख दी। आरोपी के परिजनों ने कन्या पक्ष को धमकाया कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो ऑडियो वीडियो क्लिप को सोशल मीडिया पर डालकर लड़की को बदनाम कर दिया जाएगा। इस मामले में जब जिम्मेदार लोगों ने समझौता कर दिया तो कन्या पक्ष ने युवती की शादी दूसरी जगह तय कर दी इस दौरान आरोप है कि आरोपी पक्ष में उसके मंगेतर की मोबाइल फोन पर ऑडियो वीडियो क्लिप डाल दी फल स्वरुप रिश्ता जुड़ने से पहले ही टूट गया। इस मामले में जब पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई तो पुलिस ने मामले को नजरअंदाज कर दिया। इसी तरह जिले के एसएसपी ने भी पीड़िता की गुहार को अनसुना कर दिया फल स्वरुप न्यायालय में प्रार्थना पत्र देने पर कोर्ट ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिए। घटना के बारे में अपने अधिवक्ता अब्दुल सलीम एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर काशीपुर क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि लगभग 4 वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री का विवाह चांदपुर जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी रिहान नामक युवक के साथ तय किया। इंगेजमेंट होने के बाद रिहान अपनी होने वाली पत्नी से मोबाइल फोन पर बातचीत करने लगा। इस बीच दोनों वीडियो कॉलिंग पर भी चौट किया करते थे। आरोप है कि इसी बीच रेहान ने दहेज में पांच लाख रूपयों की डिमांड कर दी। रेहान की मां आसमा, मौसी बिलकिस व मौसा सगीर आदि ने धमकाया कि यदि उसकी मांग पूरी नहीं किया गया तो उसके द्वारा मोबाइल फोन से बनाई गई ऑडियो वीडियो क्लिप को वह सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। मामला चर्चा का विषय बना दो कुछ गणमान्य लोगों ने बीच में समझौता करा दिया। इस दौरान कन्या पक्ष ने युवती की शादी अन्य जगह तय कर दी। आरोप है कि दूसरी जगह (शेष पृष्ठ सात पर)

## आवारा जानवरों को पकड़ने गयी निगम की टीम पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजारों, राष्ट्रीय राजमार्गों सहित अन्य स्थानों में परेशानी का सबब बन चुके आवारा जानवरों को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पकड़ने गई नगर निगम की टीम पर कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश की गई । मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में नगर आयुक्त, नगर निगम नगर निगम ने कहा है कि निगम की टीम में शामिल कार्मिको कुलदीप भाटिया, वाहन चालक, गोलू पुत्र भगवानदास, राजा पुत्र बुद्ध सेन, सूरज पुत्र रामकुमार एवं राजू पुत्र रामपाल द्वारा 11 अक्टूबर को वार्ड 14, भदईपुरा, राष्ट्रीय राजमार्ग किच्छा रोड पर खुले में विचरण कर रहे आवारा व निजी पशुओं को पकड़ने हेतु अभियानचलाया गया था। अभियान के दौरान भदईपुरा के (शेष पृष्ठ सात पर)

# स्कूलों की समस्याओं का होगा निस्तारण:बेहड़

## विकास कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए विधायक बेहड़ ने ली अधिकारियों की बैठक

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा विधानसभा में विकास कार्यो से संबंधित विभिन्न विभागो के अधिकारियों के साथ किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने आवास पर बैठक की और समस्याओं के शीघ्र निस्तारण किये जाने हेतु संबधित विभाग कों आदेशित किया। बेहड़ ने सर्वप्रथम शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय,हाई स्कूल, तथा इंटर कॉलेजों की वर्तमान स्थिति, भवनों की स्थिति, स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं की संख्या तथा प्रत्येक स्कूल में नियुक्त अध्यापको की संख्या तथा प्रत्येक स्कूलों की समस्याओं तथा उसके निस्तारण के विषय पर चर्चा की, तथा अधिकारियों को किच्छा विधानसभा में शिक्षा का स्तर बढ़ाए जाने हेतु निर्देशित किया।इस दौरान शिक्षा अधिकारियों द्वारा विधायक बेहड़ के समक्ष एक विधानसभा के सरकारी स्कूलों से सम्बंधित एक बुकलेट भी प्रस्तुत की गयी इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह, बीआरसी समन्यवक कैलाश चन्द सक्सेना,दरऊ सीआरसी समन्यवक दीपक वर्मा,नारायणपुर सीआरसी समन्यवक व बंडिया अजीत मिश्रा,विनोद सिंह आदि उपस्थित रहे। विधायक बेहड़ ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ पुरानी गल्ला मंडी किच्छा वार्ड नंबर 17 से गुजरने वाली गोला नदी पर पिचिंग के प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ किये जाने तथा लेफ्ट पाहा नहर पर 3 किलोमीटर कवरिंग के कराए जाने के प्रथम चरण का शीघ्र आँगणन तैयार कर शासन को भेजनें तथा सिचाई विभाग से सम्बंधित विधानसभा किच्छा के प्रस्तावित कार्यो को शीघ्र पूरा किये जाने हेतु आदेशित किया इस दौरान अधिशाषी अभियंता सिचाई विभाग प्रकाश चंद पाण्डेय उपस्थित रहे। विधायक तिलक राज बेहड़ ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर नगला लालपुर मार्ग का कार्य प्रारंभ न किए जाने पर नाराजगी जाहिर की तथा अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि मलसा से कुरैय्या मार्ग का चौड़ीकरण तथा हॉट मिक्स का प्रथम चरण का आँगनण तैयार कर शासन को भेज दिया गया है द्य बेहड़ ने लालपुर नगला रोड पर जहाँ स्टोन क्रेशर स्थित है वहां से 1 किलोमीटर सड़क पर सीसी निर्माण कराए जाने तथा किच्छा विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत 10 किलोमीटर सड़कों का हॉट मिक्स से निर्माण कराया जाना है जिसके जल्द ही निरीक्षण किए जाने हेतु आदेशित किया। इस दौरान अधिशासी अभियंता लोक निर्माण डोबरियाल जी,एई प्रकाश लाल तथा अवर अभियंता सचिन मौजूद रहे।



# विधायक शिव अरोरा ने बांटे आर्थिक सहायता के चेक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने ग्रामीण क्षेत्र के संजय नगर महतोष में मुख्यमंत्री राहत कोष से जरूरतमन्दो को आर्थिक सहायता चैक बांटे, इससे पहले भी विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर लगातार विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों के लोगों को आर्थिक सहायता चैक बाटते आ रहे रहे हैं। उसी क्रम में संजय नगर महतोष गांव में उसके लगते हुए आस पास के क्षेत्रों के लोगो जिसमे पिपलिया न 2, प्रेमनगर, बरीराई, सुन्दरपुर, मोहनपुर, हरिदासपुर के लोग लाभान्वित हुए जिसमे बीमारी इलाज, कन्या विवाह, व अन्य सहायता चेक शामिल थे। विधायक शिव अरोरा ने 24 लोगो को आर्थिक सहायता चैक बांटे। उन्होंने कहा निश्चित रूप से आर्थिक रूप से कमजोर और निर्धन की सहायता करना विधायक होने के नाते हमारा कर्तव्य है और इसके लिये हर जरूरतमंद की मदद करने का प्रयास सदैव किया जाता है, आने वाले समय मे ओर भी लोगो को आर्थिक सहायता चेक बाटे जाएंगे। इस दौरान भाजपा महामंत्री अमित नारंग, मण्डल अध्यक्ष हरीश भट्ट, आयुष चिलाना, जगदीश विश्वास, जुल्फिकार अली, गुरबाज सिंह, सार्थक मुठरेजा, सुब्रत बछाड़, जगजीत घुमन व अन्य लोग मौजूद रहे।



# धान खरीद की प्रतिदिन होगी मानीटरिंग:डीएम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों क्रय ऐजेन्सीज के साथ धान खरीद 2023-24 की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने मण्डी सचिवों व धान क्रय ऐजेन्सियों को निर्देश दिये कि द्वितीय शनिवार अवकाश के दिन भी किसानों के धान क्रय हेतु जनपद के सभी धान क्रय केन्द्रों को खोला जाये। उन्होने सभी मण्डी सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि राईस मिलर्सों द्वारा क्रय किये जा रहे धान का स्टॉक रजिस्टर से मिलान करें। उन्होने सचिवों से कहा कि कहीं भी निर्धारित मूल्यों से नीचे किसानों का धान क्रय न हो इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होने मण्डी सचिवों व सभी क्रय ऐजेन्सियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन क्रय किये गये धान की रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि धान खरीद की पूरी मॉनिट्रिंग की जायेगी। उन्होने सभी क्रय एजेन्सियों को निर्देश दिये कि अपने अपने क्रय केन्द्रों एजेन्सी के नाम का फ्लैक्सी लगवाये एवं उस पर सम्बन्धित क्रय केन्द्र प्रभारी का नाम, मोबाईल नम्बर उप सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों का नाम व मोबाईल नम्बर भी अंकित करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्याआ होने पर वार्ता कर समाधान कर सकें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी क्रय केन्द्रों पर पंखा, नमी मापक यंत्र, कॉटा, पीने के लिये पानी आदि सभी आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी/धान क्रय प्रभारी जय भारत सिंह ने बताया कि जनपद में यूसीएफ के 146, पीसीयू के 28, खाद्य विभाग के 25 व एनसीसीएफ के 03 कुल 202 धान क्रय केन्द्र अभी तक खोले जा चुकें है। इस अवसर पर आरएफसी बीएम फिरमाल, उप निदेशक मण्डी निर्माला बिष्ट, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट सहित मण्डी सचिव व क्रय ऐजेन्सियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# देहरादून और ऋषिकेश में तीन बिल्डर के ठिकानों पर आयकर टीम ने मारे छापे

देहरादून। वित्तीय गड़बड़ी और टैक्स चोरी के मामले में आयकर विभाग ने देहरादून और ऋषिकेश में तीन बिल्डर के ठिकानों पर छापे मारे। तीनों बिल्डर देहरादून से ही संबंधित हैं, इनमें से एक का दफ्तर ऋषिकेश में भी है। कार्रवाई आयकर विभाग के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कानपुर के निर्देश पर की गई है। आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार, देहरादून में प्रधान आयकर आयुक्त राम मोहन तिवारी और अपर आयकर आयुक्त अमर सिंह राणा छापे की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। इस टीम ने देहरादून में एसएस कंस्ट्रक्शन, स्टोन फील्ड कंस्ट्रक्शन और भारत कंस्ट्रक्शन के दफ्तरों और संचालकों के घरों में छापे मारे। इनमें से एसएस कंस्ट्रक्शन के ऋषिकेश स्थित दफ्तर में भी कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि तीनों फर्म का आपस में ताल्लुक है। टीम शुक्रवार को पुलिस बल को लेकर भारत कंस्ट्रक्शन के पाम सिटी स्थित ऑफिस में पहुंची थी। इनमे से एक टीम राजपुर रोड पर स्टोन फील्ड के दफ्तर में कार्रवाई करने पहुंची। बताया जा रहा है कि इन बिल्डर ने करोड़ों रुपये का टैक्स चोरी किया है। एसएस कंस्ट्रक्शन के ऋषिकेश श्यामपुर स्थित कार्यालय पर टीम कार्रवाई में जुटी है। इसकी एक शाखा देहरादून में भी है। पूरे दिन टीम ने यहां दस्तावेज खंगाले। आयकर विभाग की टीम रात नौ बजे तक इनके ठिकानों पर मौजूद थीं। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई शनिवार को भी जारी रह सकती है। आयकर विभाग ने कई दस्तावेज इन ठिकानों से बरामद किए हैं। इस कार्रवाई के बाद अन्य बिल्डर में भी चर्चाएं जोर पकड़ गई हैं।

# तनुज मिस्टर फेयरवेल और दिपांशी मिस फेयरवेल बनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरस्वती इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट एण्ड टेक्नोलोजी में सीनियर छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के निदेशक डॉ0 एम0के0 शर्मा एवं प्राचार्य डॉ0 एस0के0 त्रिपाठी द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य, रैम्पवॉक व गायन आदि प्रतियोगिताओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के अंत में तनुज को मिस्टर फेयरवेल, दिपांशी को मिस फेयरवेल, अक्षत को मिस्टर इलिगेंश, खुशी को मिस इलिगेंस, सतविन्द्र को स्पार्क ऑफ द ईव के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन हरिओम कुमार गर्ग, वाइस चेयरमैन विशाल गर्ग, जनरल सेक्रेट्री सुरेन्द्र कुमार गॉधी, सीईओ समीप गॉधी, निदेशक डा0 एम0के0 शर्मा, प्राचार्य डॉ एस0 के0 त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष प्रबंधन विभाग डॉ0 पूजा जोहरी, विभागाध्यक्ष कॉमर्स एवं कम्प्यूटर साईंस विभाग मलकीत सिंह एवं विभागाध्यक्ष साईंस विभाग सौरभ कुमार शर्मा ने छात्र/छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क निर्माण का किया शुभारम्भ

गूलरभोज(उद संवाददाता)। गूलरभोज से रोशनपुर तक 5 किलोमीटर सड़क का शुभारंभ विधायक अरविंद पांडे और चेयरपर्सन अनीता दुबे द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, प्रमोद कुमार गुप्ता, गुरमेल सिंह, राजेश कुमार, भूपेंद्र आर्य ,रमेश सागर, सुनील शर्मा, संजीव कुमार गुप्ता, रामकिशन, अमित कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।



# रामलीला का शुभारम्भ आज

गूलरभोज(उद संवाददाता)। तराई कला संगम श्री रामलीला कमेटी गूलरभोज संस्कार भारती के कलाकारों द्वारा रामलीला मंचन की तैयारियों जोर शोर से की जा रही है। आज रात रामलीला का शुभारंभ होना है। रामलीला का मंच और टेंट लगाने की तैयारी की जा रही है। आज रात नारद मोह का सुंदर मंचन किया जाएगा। तैयारियों में व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, गिरीश दुबे, बिजेंद्र यादव, भास्कर चौधरी आदि लोग जुटे हैं।



# जीतहूं लोकपाल दिगपाला,यह वर दीजीए मोहि कृपाला

## घोर तपस्या से शिव को प्रसन्न कर रावण ने लिया वरदान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला मैदान में दिन की लीला के तीसरे दिन ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण तपस्या , रावण अत्याचार एवं आकाशवाणी की लीला का सुंदर मंचन व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री के निर्देशन में किया गया। रावण, कुंभकर्ण और विभीषण द्वारा भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया जाता है। जिससे देवतागण चिंतित हो उठते हैं और ब्रह्मा जी के पास पहुंचकर कहते हैं प्रभु रावण और उसके भाई शिव भगवान की घोर तपस्या कर रहें है और आपको तो पता ही है। भोलेनाथ से जो वो राक्षस मांगेगा मिल जाएगा, कुछ कीजिए। ब्रह्मा जी द्वारा कुंभकरण की जिव्हा पर सरस्वती जी बिठा दी जाती हैं जिससे वह भगवान शिव से छह माह सोने का वरदान मांग लेता है, वहीं रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव कहते हैं ष्मांगना हो मांग लो वरदान जो कुछ मांगते, नेत्र खोलो और बोलो बिना समय गवाते रावण भगवान शिव के हाथ जोड़कर वरदान मांगता है और कहता है ष्हम काहू के मरही ना मारे ,वानर जात मनुज दुई वारे, जीतहूं लोकपाल दिगपाला,। यह वर दीजीए मोहि कृपाला ष्भगवान शिव रावण से कहते हैं दिया वर तुझको यही ज्ञानी प्रतापी शूर हो, रावण तेरी यश कीर्ति संसार में भरपूर हो इसके बाद भगवान शिव अन्तर ध्यान हो जाते हैं। रावण अहंकार में आकर अपने बल की परीक्षा हेतु कैलाश पर्वत को ही उठाने का प्रयास करता है और कैलाश पर्वत को हिलता देख माता पार्वती जी भगवान शंकर से पूछती हैं कि आज कैलाश पर्वत क्यों हिल रहा है।भगवान शंकर जी माता पार्वती को बताते हैं की रावण अपने बल की परीक्षा के लिए कैलाश पर्वत को उठाने का प्रयास कर रहा है। शंकर भगवान कहते हैं ष्नारद मुनि का भूत है सुनले प्रिया इस क्रूर पर। कैलाश पर्वत को उठाया दुष्ट ने मगरुर कर। तब भगवान शंकर द्वारा रावण को श्राप दिया जाता है जा चला जा भाग जा फल मिले तोही कुचाल का, वोही नर बानर करे विध्वंश तेरे भाल का। रावण घमंड से चूर हो कर होकर राक्षसी कर्मों में लिप्त हो जाता है। ऋषि मुनियों पर अत्याचार करता है और कहता है कि तुम लोग देवताओं की उपासना क्यों कर रहे हो मेरी पूजा करो क्योंकि मैं अमर हूँ घमंड में चूर रावण कहता है ष सब जग जीता मिटा फजीता ,सुर भयभीता रहते हैं , इंद्र हारे वरुण विचारे मेरे माफिक कहते हैं। व्यवस्था में तनुज गुप्ता,अमित जोशी एवम मनोज गुप्ता, अनुभव गोयल और अतुल अग्रवाल ने सेवा दी।रामलीला संचालन समिति के सदस्य विनीत अग्रवाल तथा विजय भट्ट ने बताया कि कल आज सायं शनिवार को दशरथ दरबार, श्री राम जन्म ताड़का वध, सुवाहू वध की लीला का मंचन किया जाएगा। इस दौरान रामलीला संचालन समिति के सदस्य संजय गुप्ता टिल्लू, हितेष पांडे, स्वर्ण लाल सडाना, वेद प्रकाश अग्रवाल , बिंदेश गुप्ता, रूपेंद्र नागर, धर्मपाल कश्यप, श्रीमती मंजू वार्ष्णेय उपस्थित रहे। रामलीला मैदान की व्यवस्था मे श्री आनंद आश्रम, जैन महिला समिति, अतुल जायसवाल, बिंदेश जायसवाल, कपिल अग्रहरी आदि ने सहयोग किया। व्यास पूजन पंडित विवेक शर्मा, मनीष अग्रवाल तथा सचिन अग्रवाल ने सपत्नीक किया। व्यास पूजन पंडित विवेक शर्मा, मनीष अग्रवाल तथा सचिन अग्रवाल ने सपत्नीक किया। श्री रामलीला में शिव जी का पाठ सूरज फुलारा ने,पार्वती जी का पाठ मानव ने,लक्ष्मी जी का पाठ नितिन उपाध्याय ने, रावण का पाठ कैलाश भारती ने किया। देवेंद्र बिष्ट, रीतेश जोशी, चंदन बिष्ट, पप्पी भाई, शेर सिंह बोरा, लव मित्तल, बसंत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



# नगर की प्रमुख श्री रामलीला मंचन का भव्य आगाज





## प्रथम दिवस नारद मोह की लीला का हुआ भव्य मंचन,श्री रामलीला कमेटी तथा श्री रामनाटक क्लब के पदाधिकारियों ने किया मुख्य अतिथि का स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में रोडवेज के निकट रामलीला ग्रांउड में नगर की प्राचीनतम श्री रामलीला मंचन का भव्य आगाज हो गया है। शुक्रवार रात्रि श्री राम लीला मंचन का उद्घाटन बड़ी धूमध ाम से किया गया। मुख्य अतिथि बालाजी धाम के गुरूजी श्री हरनाम जी द्वारा फीता काटकर एवं प्रभु श्रीराम चन्द्र जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। श्री रामलीला कमेटी तथा श्री रामनाटक क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों नें फूलमालाओं से लादकर, रामनाम का




पटका तथा शाल ओढ़ाकर भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। श्री हरनाम गुरूजी के साथ आये गणमान्य नागरिकों का भी राम नाम का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। समस्त भक्तों नें बाबा भजन गाये। श्रीरामनाम की धूम ऐसी मची कि समस्त उपस्थित जन झूम उठे। स्वागत संबोधन में श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल नें कहा कि हमें श्रीरामलीला मंचन जैसे प्राचीन कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थित रहना चाहिये। उससे ही हमें अपनी संस्कृति तथा धर्म का ज्ञान को एक नये नजरिये से देखनें एवं जानने को मिलता है। श्री रामनाम के स्मरण से सभी कष्ट मिटते हैं । मुख्य अतिथि श्री हरनाम जी नें कहा कि रामनाम ही इस कलयुग में बेड़ा पार करने का आधार है। आज रामलीला का अपना एक अलग ही महत्व है, वास्तव में यह कार्यक्रम हमें मानवता तथा जीवन मूल्यों का अनोखा संदेश देने का कार्य करता है। आज के समय लोगो में दिन-प्रतिदिन नैतिक मूल्यों का पतन देखने को मिल रहा है। यदि आज के समय में हमें सत्य और धर्म को बढ़ावा देना है तो हमें प्रभु श्री राम के पथ पर चलना होगा। आज की लीला में देवऋषि नारद भगवान विष्णु जी की स्तुति में मगन होते है। उनकी गहन तपस्या से देवराज इन्द्र का सिंहासन डोल उठता है। देवराज इन्द्र अपनें मित्र कालादेव एवं पीलादेव को इसका कारण जानने हेतु भेजते है। यह दोनों घूमते- घूमते नारद जी को गहरी तपस्या करते हुये देखते हैं। वह जान जाते हैं कि देवराज इन्द्र का सिंहासन नारद जी की तपस्या के कारण ही हिला है। जव वह वापस आकर इन्द्र को यह खबर देतें हैं तो देवराज इन्द्र अपने मित्र कामदेव को देवऋषी की तपस्या भंग करनें के लिये भेजते हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी कामदेव जब नारद जी की तपस्या भंग नहीं कर पाते तो वह नारद जी के पैरों में जा पड़ते हैं और उनसे क्षमा की प्रार्थना करते है। देवऋषि उनसे क्षमा मांगनें का कारण पूछते हैं तो कामदेव उन्हें बताते हैं कि उन्हें देवराज इन्द्र नें आपकी तपस्या भंग करनें के लिये भेजा था, जिसमें वह विफल रहे। यह सुनकर नारद को भी अहंकार हो जाता है और वह अहंकार के अधीन होकर को स्वयं अपनी प्रशंसा करते हुये ब्रहमा जी, शिवजी तथा भगवान विष्णु के पास पहुंच जाते हैं। भगवान विष्णु उनके अहंकार को पहचान जाते है और उनका अहंकार तोड़नें के लिये एक स्वयंवर की लीला रचते है। नारद मुनि जब विष्णु भगवान को राजा शीलनिधि की सुपुत्री विश्वमोहिनी से विवाह रचानें के लिये सुंदर स्वरूप प्रदान करनें की प्रार्थना करते हैं तो विष्णु भगवान उन्हें वानर रूप दे देते है। विश्वमोहिनी स्वयंवर में भगवान विष्णु जी के गलें में जयमाला पहना देती है और इस स्वयंवर मे नारद जी का बहुत उपहास हो जाता है। जब नारद जी अपनें वानर रूप को देखा तो कुपित होकर शाप दे देते हैं। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, महावीर आजाद, भारत भूषण चुघ, विजय भूषण गर्ग, रामनाटक क्लब के महामंत्री गौरव तनेजा, डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशू, विशाल भुड्डी, पवन जिन्दल, राकेश सुखीजा, रघुवीर अरोरा, जगदीष टंडन, अशोक गुम्बर, अमित अरोरा बोबी, गुरदीप गाबा, राजेश सिंघल, संदीप भारद्वाज, कुलदीप कुमार, राजकुमार छाबड़ा, हरीश अरोरा, मोहन लाल भुड्डी, रोहित राजपूत, मोहित, प्रेम खुराना, हरीष सुखीजा, संजीव आनन्द, अनिल तनेजा, राजकुमार कक्कड़, हरीश अरोरा, सचिन मुंजाल, विजय विरमानी, मनोज गाबा, अमित चावला, मोहित जिन्दल, योगेश जोशी, आशु नागपाल, संदीप छाबड़ा, अभिषेक कपूर, सुमित बब्बर, चिराग कालड़ा, लक्की जुनेजा, पुलकित बांबा, आदि उपस्थित थे। आज की लीला में नारद जी का पात्र अभिनय मनोज मुंजाल, देवराज इन्द्र वैभव भुड्डी, कामदेव मोहन अरोरा, ब्रहमा जी- नितिश धीर, शंकर जी- रिंकू चोपड़ा, विष्णु भगवान- मनोज अरोरा, विश्वमोहिनी एवं लक्ष्मी जी- सुमित आनन्द, कालादेव- राम कृष्ण कन्नौजिया, पीला देव- कुक्कू शर्मा, मंत्री सचिन आनन्द, नरेश छाबड़ा, गौरव जग्गा, पुरूराज बेहड़ व कनव गंभीर नें निभाया। मंच संचालन मंच सचिव संदीप धीर, विजय जग्गा एवं सुशील गाबा नें संयुक्त रूप से किया।

# राज्यपाल ने किया किसान मेले का शुभारम्भ

## बीज के उत्पादन में क्रांति लाने की आवश्यकता: राज्यपाल

पंतनगर(उद संवाददाता)। विश्वविद्यालय के 114वें अखिल भारतीय किसान मेले एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड ले. जनरल गुरमीत सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान किसान आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, किच्छा विधायक तिलक राज बहेड़, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जे.पी. जायसवाल,निदेशक शोध, डा. ए.एस.





नैन, एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। मेले के उद्घाटन के पश्चात कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा महामहिम राज्यपाल को मेले में लगी उद्यान प्रदर्शनी तथा विश्वविद्यालय द्वारा लगी विभिन्न प्रदर्शनियों के स्टालों का अवलोकन कराया गया। मुख्य उद्घाटन समारोह गांध ी हाल सभागार में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता निदेशक प्रसार शिक्षा, डा. जे.पी. जायसवाल द्वारा की गयी। मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान मेले में आकर बड़ा हर्ष हुआ, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा मॉडल के माध्यम से कृषि तकनीकों, ए.आई.,जलवायु तकनीक के नवाचार को प्रस्तुत किया है जोकि एक प्रसंशनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि हमें एकजुटता के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। आज हर्ष का दिन इसलिए भी है कि विश्वविद्यालय में किसानों एवं वैज्ञानिकों को उनके उत्कृष्ट तकनीकों के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि बीज के उत्पादन में क्रांति लाने की आवश्यकता है। किसान मेले में उत्तराखण्ड की स्वयं सहायता महिलाओं द्वारा पैकिंग की गुणवत्ता बहुत ही अच्छे ढंग से की गयी है जोकि एक सराहनीय कार्य है। उन्होंने आने वाला समय महिलाओं और बेटियों का बताया। खाद्य के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की भूमिका रही है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नवाचार, नयी प्रजातियों, तकनीकों को किसानों तक मुहैय्या कराया है जिससे किसान उन तकनीकों को उपयोग में लाकर अपनी आय में वृद्धि कर रहें है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पूर्व में आईसीएआर द्वारा तीन बार सरदार बल्लभ भाई उत्कृष्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया है और आशा करता हूँ कि अगले साल यह अवार्ड पुनः प्राप्त हो। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को चुनौती दी की 100 कि.ग्रा. से अधिक का सीताफल विश्वविद्यालय में उगाया जाये। प्रधानमंत्री की मुहिम अन्तर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 को 72 देशों में श्रीअन्न के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होने मिलेट को प्रभु के भोजन का आर्शीवाद बताया। उन्होंने कहा कि मोटे अनाज में पोषक तत्वों की मात्रा अधिक होती है जिससे हमारा शरीर रोगमुक्त हो जाता है। उन्होंने बीज के क्षेत्र में क्रांति लाने की आवश्यकता पर बल दिया तथा नवीनतम तकनीकों को किसानो तक पहुंचाने का आह्वान किया। राजपाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में शोध की आवश्यकता है क्योंकि आने वाले समय में पानी की किल्लत होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि जिस तरह मृदा में रासायनिक उर्वरक, यूरिया आदि का उपयोग हो रहा है जिससे पानी का स्तर घटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग एवं कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने की बात कही। कार्यक्रम में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि 114वें किसान मेले में अब तक 450 स्टाल लगाये जा चुके है और रू. 36 लाख की आय हुई है जोकि अब तक का रिकार्ड है। देश में 33 करोड टन अनाज पैदा हो रहा है जो देश की 140 करोड की जनसंख्या का पेट भर रहा है। यह सब वैज्ञानिकों एवं किसानों के सहयोग से हो पाया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दलहन में विश्वविद्यालय में 7 प्रजातियां विकसित की गयी हैं, जो कुल मिलाकर अब तक विभिन्न फसलों की 252 प्रजातियां विकसित हुई हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों से आह्वान किया कि नवीन तकनीकों को विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से सहयोग करने का आह्वान किया। उद्घाटन सत्र के प्रारम्भ में निदेशक प्रसार शिक्षा डा. जे.पी. जायसवाल ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया एवं मेले के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के निदेशक शोध डा. ए. एस. नैन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन्न कृषि साहित्यों का विमोचन किया गया तथा उत्तराखण्ड के विभिन्न जिलों के कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से चयनित 9 कृषकों और विभिन्न फसलों की प्रजातियों को विकसित करने वाले वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। गांधी हाल में किच्छा विधायक श्री तिलक राज बहेड, जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी, एसडीएम, अधिष्ठाता, निदेशकगण, संकाय सदस्य, किसान, विद्यार्थी, वैज्ञानिक, शिक्षक, अधिकारी, विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि एवं अन्य आगंतुक उपस्थित थे। मेले में उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ अन्य प्रदेशों तथा नेपाल के किसान भी उपस्थित थे।

अल्मोड़ा ज्वैलर्स
पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध है। मो. 9012749183
ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर

समस्त क्षेत्रवासियों को पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834

समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री शिव मन्दिर
मॉडल कालोनी, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)
सुशील अग्रवाल अध्यक्ष
सुशील चीक महामंत्री
ताराचन्द्र अग्रवाल कोषाध्यक्ष
एवं समस्त भक्त श्री शिव मंदिर मॉडल कालोनी, रुद्रपुर

पावन नवरात्र एवं महाराजा अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
वंशीधर गुम्बर पूर्व अध्यक्ष उत्तरांचल पंजाबी महासभा एवं अध्यक्ष उद्योग व्यापार संघ
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्रापर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000

समस्त क्षेत्रवासियों को पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ समाजसेवी
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर

पावन नवरात्र एवं महाराजा अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL HYUNDAI
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director
Kichha By Pass Road, Rudrapur (U.S.Nagar) Uttarakhand
Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262000, 9639300033

समस्त क्षेत्रवासियों को पावन नवरात्र एवं महाराजा अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
चन्द्रकेश यादव
तिरूपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सिं०नगर) मो० 9412089030
तिरूपति पैडी प्रोडक्ट्स
नगर पालिका मार्केट, दुकान न०58, रुद्रपुर मो० 9917304466

समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धेश्वर श्री बालाजी मन्दिर
बालाजी द्वारा आदर्श कालोनी, रुद्रपुर
श्रद्धेय परम् पूज्य
महंत श्री रमेश वशिष्ठ जी
मो. 9412981982

समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई
ओम बापू मशीनरी स्टोर
हरीश चन्द्र गुम्बर
विशाल गुम्बर
निकट श्री बालाजी मन्दिर, आदर्श कालोनी, रुद्रपुर मो० 9897736739, 05944-245571

समस्त क्षेत्रवासियों को पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवनारायण गोपी राम राईस मिल
सचिन अग्रवाल 'मोनू' कोषाध्यक्ष राईस मिल एसोसिएशन
गोपी राम अग्रवाल

समस्त क्षेत्रवासियों को पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल महिला समिति
सुषमा अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष
प्रिया गर्ग प्रदेश महामंत्री
उषा श्यामपुरिया प्रदेश कोषाध्यक्ष

समस्त क्षेत्रवासियों को पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
सचिन छाबड़ा
देवभूमि व्यापार मण्डल अध्यक्ष, रुद्रपुर
Property Dealer
Fulsungi Road, Rudrapur

श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रुद्रपुर
पावन नवरात्र एवं अग्रसेन जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
सहयोगी संस्थाएं
श्री लक्ष्मी नारायण (पीच मन्दिर), श्री हरि मन्दिर, श्री रामबाग श्मशान घाट, श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय, श्री सनातन धर्म कन्या इण्टर कालेज, श्री सनातन धर्म शिव मन्दिर, श्री सनातन स्त्री सत्संग सभा, श्री सनातन धर्म महावीर दल, श्री सनातन धर्म युवा मंच
महेश बब्बर अध्यक्ष
ओमप्रकाश अरोरा महामंत्री

# लिटिल किंग्डम स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। लिटिल किंग्डम प्रीपेट्री स्कूल में गत दिवस अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एसडीआरएफ के एसआई नरेंद्र सिंह राना, कॉन्स्टेबल अजीत सिंह, अजय बोरा, इंद्रनाथ, राजेंद्र नाथ ने विद्यालय में विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन आदि से बचने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही साथ आपातकालीन नंबरों का उपयोग करना भी सिखाया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती परविंदर पुरी, उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने एक-एक पौधा देकर एसडीआरएफ के जवानों का इस कार्यक्रम में स्वागत किया। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के जवानों ने बहुत ही व्यवस्थित तरीके से आपातकाल में जैसे हार्ट अटैक आने पर, किसी को चोट लगने पर मरीजों की जान बचाने के तरीके सिखाए। इन्हीं के साथ प्राकृतिक आपदा से बचने के लिए व बच्चों की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य श्रीमती परविंदर पुरी ने विद्यालय में आपातकालीन अलार्म भी लगवाया ताकि विद्यालय में एक सुरक्षित माहौल बनाया जा सके। जिसका उद्घ्घाटन एसडीआरएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से किया।








# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## युद्ध की त्रासदी

इजराइल पर फिलिस्तीनी उग्रवादी गुट हमास के हमले के बाद अब जो हालात पैदा हुए हैं, उसमें सबसे ज्यादा त्रासदी उस युद्ध क्षेत्र में फंसे आम लोगों को झेलनी पड़ रही है। उनकी जिंदगी लगातार जोखिम में है। स्वाभाविक ही वहां खतरे का सामना कर रहे भारतीयों को लेकर भारत सरकार चिंतित है और उनकी सुरक्षित वापसी की कोशिश कर रही है। इस क्रम में सरकार ने 'आपरेशन अजय' के जरिए वहां से भारतीयों को देश वापस लाने के लिए विशेष अभियान चलाया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को इजराइल से पहली उड़ान भारत आई, जिसमें वहां से दो सौ बारह भारतीय सुरक्षित अपने देश लौटे। एक अनुमान के मुताबिक, फिलहाल इजराइल और फिलिस्तीन के युद्ध क्षेत्र में तब्दील होने की वजह से वहां अठारह हजार से ज्यादा भारतीय फंसे हुए हैं। जिनमें ज्यादातर सूचना तकनीक से जुड़े पेशेवर और विद्यार्थी हैं। जिस दिन हमास का हमला हुआ था, उसके बाद हालात जैसे जटिल होते जा रहे हैं, उसमें आने वाले दिनों में कैसी स्थिति होगी, अभी कहना मुश्किल है। इसलिए खुद इजराइल सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह वहां आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। फिलहाल हमास के अचानक हमले के बाद इजराइल की जैसी प्रतिक्रिया हुई है, उसमें टकराव के और ज्यादा गहराने की स्थिति बन रही है। इसलिए अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर भारत की चिंता लाजिमी है। इजराइल और फिलिस्तीन के बीच टकराव कोई नया नहीं है। खासकर कभी हमास की ओर से अचानक हमले या फिर कभी इजराइली फौज की गतिविधियों की वजह से हालात कई बार बेहद नाजुक हो जाते हैं। मगर हमास का ताजा हमला इस कदर अप्रत्याशित और व्यापक था कि इजराइल को भी इसकी आशंका नहीं थी। यही वजह है कि सुरक्षा के लिए जरूरी चेतावनी समय पर जारी नहीं की जा सकी और बड़े पैमाने पर आम नागरिक भी हमले में मारे गए। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमास ने जिस वक्त इजराइली सीमा में घुसपैठ कर आतंक मचाना शुरू किया, उस समय आम लोग सालाना जश्न में मशगूल थे। ऐसे में वहां भारतीयों के भी फंस जाने की स्थिति समझी जा सकती है। युद्ध के दौरान यह तय नहीं होता कि एक दूसरे के दुश्मन के रूप में हमला कर रहे पक्ष के हमले का शिकार कौन होंगे। जो देश और संगठन इसमें लिप्त होते हैं, उनका दावा होता है कि वे निर्दोष आम नागरिकों को शिकार नहीं बनाएंगे। लेकिन हकीकत इसके ठीक उलट होती है। बम या मिसाइल दागे जाते हैं तो वे किस रिहाइशी इमारत को तबाह कर देंगे या कितने साधारण लोग मारे जाएंगे, इसका कोई ठिकाना नहीं होता। बल्कि मारे जाने वाले लोगों की संख्या ही दोनों पक्षों की जीत या हार की तस्वीर के रूप में पेश की जाती है। विचित्र है कि अपने पक्ष के आम लोगों के मारे जाने को दोनों ही पक्ष दुनिया के सामने दर्शा कर अपने पक्ष में समर्थन हासिल करने की कोशिश की जाती है। मगर किसी भी पक्ष को इस बात का खयाल रखने की वास्तव में जरूरत नहीं लगती कि उनके हमले में आम रिहाइशी इलाके निशाने पर न आएं।ऐसी स्थिति में अकेला विकल्प यही है कि इजराइल से किसी तरह भारतीयों को सुरक्षित निकाला जाए। यों भारत सरकार के पास इराक, यूक्रेन या अन्य देशों में युद्ध की शुरुआत के बाद अनेक मौकों पर भारतीय लोगों को सुरक्षित वापस लाने का खासा अनुभव रहा है। अब इजराइल से भारतीयों की सुरक्षित वापसी के अभियान को भी उसी की एक कड़ी माना जा सकता है।

# नदियों को जोड़ने के खतरे!

बाढ़ और सूखे की समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने के लिए देश में चल रही महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से जल संकट और गहरा सकता है। इससे मानसून का नियमित तंत्र भी प्रभावित हो सकता है। यह दावा 'नेचर' जर्नल में प्रकाशित एक शोध अध्ययन में किया गया है। यह शोध भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई, उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे ने किया है। अध्ययन में हैदराबाद विश्वविद्यालय और किंग अब्दुल्ला युनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक भी शामिल थे। शोध में क्षेत्रीय जलवायु स्थितियां और आंकड़ों का विश्लेषण सहित मानसून से जुड़ी कई तकनीकियों का उपयोग किया गया। ताकि इन बड़ी परियोजनाओं के पूरी होने पर भविष्य में उत्पन्न होने वाले जल और मौसम संबंधी नतीजों के जटिल तंत्र को सामने ला सकें। शोध में क्षेत्रीय जलवायु पारिस्थितिकी तंत्र और आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद पाया कि जो अलनीनो दक्षिणी दोलन जैसी परिस्थितियों को प्रभावित करते हैं। अतएव नदी जोड़ो योजना पूरी होने के बाद इसके क्षेत्र में आने वाला जल-स्थल वायुमंडल अंतरसंबंध को बिगाड़ सकता है। इससे वायु और नमी का स्तर प्रभावित होगा। नतीजतन देश में ये नदी जोड़ो क्षेत्र विशेष में बारिश का परंपरागत रुझान बदल सकता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि पानी दूसरी नदी में जाने से सिंचित क्षेत्र बढ़ेगा, जो पानी की कमी का सामना कर रहें इलाकों में सितंबर की बारिश में 12 प्रतिशत तक की कमी ला सकता है। गोया, ऐसा होता है तो नदी जोड़ो योजना का संकट न केवल इस, परियोजना से लाभान्वित होने वाले इलाकाई लोगों को झेलना होगा बल्कि मौसम के तंत्र पर भी इसका विपरीत असर दिखाई देगा। भारत में एनडब्ल्यूडीए के अनुसार 30 नदियों को जोड़ा जाना है। इनमें प्रायद्वीपीय घटक के तहत 16 और हिमालयी घटक के अंतर्गत 14 नदियों को जोड़े जाने की पहचान कर ली गई है। इनमें से आठ योजनाओं की डीपीआर भी बना ली गई है। जीवनदायी नदियां हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। नदियों के किनारे ही ऐसी आधुनिकतम बढ़ी सभ्यताएं विकसित हुईं, जिन पर हम गर्व कर सकते हैं। सिंधु घाटी और सारस्वत (सरस्वती) सभ्यताएं इसके उदाहरण हैं। भारत के सांस्कृतिक उन्नयन के नियमों में भागीरथी, राम और कृष्ण का नदियों से गहरा संबंध रहा है। भारतीय वांग्मय में इंद्र और कुबेर विपुल जलराशि के प्राचीनतम वैज्ञानिक-प्रबंधक रहे हैं। भारत भूखण्ड में आग, हवा और पानी को सर्वसुलभ नियामत माना गया है। हवा और पानी की शुद्धता और सहज उपलब्धता नदियों से है। दुनिया के महासागरों, हिमखण्ड़ों, नदियों और बड़े जलाशयों में अकूत जल भण्डार हैं। लेकिन मानव के लिए उपयोग जीवनदायी जल और बढ़ती आबादी के लिए जल की उपलब्धता का बिगड़ता अनुपात चिंता का बड़ा कारण बना हुआ है। ऐसे में भी बढ़ते तापमान के कारण हिमखण्डों के पिघलने और अवर्षा के चलते जल स्त्रोतों के सूखने का सिलसिला जारी है। वर्तमान में जल की खपत कृषि, उद्योग, विद्युत और पेयजल के रूप में सर्वाधिक हो रही है। हालांकि पेयजल की खपत मात्र आठ फीसदी है। जिसका मुख्य स्त्रोत नदियां और भू-जल हैं। औद्योगिकिकरण, शहरीकरण और बढ़ती आबादी के दबाव के चलते एक ओर नदियां सिकुड़ रही हैं, वहीं औद्योगिक कचरा और मल मूत्र बहाने का सिलसिला जारी रहने से गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां इतनी प्रदूषित हो गईं हैं कि यमुना नदी को तो एक पर्यावरण संस्था ने मरी हुई नदी तक घोषित कर दिया है। इसलिए नदी जोड़ो परियोजना से भी यदि नदियों और मौसम के पंख को हानि होती है तो बड़ा संकट देश की जनता को भुगतना होगा। प्रस्तावित करीब 120 अरब डालर अनुमानित खर्च की नदी जोड़ों परियोजना को दो हिस्सों में बांटकर अमल में लाया जाएगा। एक प्रायद्वीप स्थित नदियों को जोड़ना और दूसरे, हिमालय से निकली नदियों को जोड़ना। प्रायद्वीप भाग में 16 नदियां हैं, जिन्हें दक्षिण जल क्षेत्र बनाकर जोड़ा जाना है। इसमें महानदी, गोदावरी, पेन्नार, कृष्णा, पार, तापी, नर्मदा, दमनगंगा, पिंजाल और कावेरी को जोड़ा जाएगा। पशिचम के तटीय हिस्से में बहने वाली नदियों को पूर्व की ओर मोड़ा जाएगा। इस तट से जुड़ी तापी नदी के दक्षिण भाग को मुंबई के उत्तरी भाग की नदियों से जोड़ा जाना प्रस्तावित है। केरल और कर्नाटक की पशिचम की ओर बहने वाली नदियों की जलधारा पूर्व दिशा में मोड़ी जाएगी। यमुना और दक्षिण की सहायक नदियों को भी आपस में जोड़ा जाना इस परियोजना का हिस्सा है। हिमालय क्षेत्र की नदियों के अतिरिक्त जल को संग्रह करने की दृष्टि से भारत और नेपाल में गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र तथा इनकी सहायक नदियों पर विशाल जलाशय बनाने के प्रावधान हैं। ताकि वर्षाजल इकट्ठा हो और उत्तर-प्रदेश, बिहार एवं असम को भंयकर बाढ़ का सामना करने से निजात मिल सके। इन जलाशयों से बिजली भी उत्पादित की जाएगी। इसी क्षेत्र में कोसी, घांघरा, मेच, गंड़क, साबरमती, शारदा, फरक्का, सुन्दरवन, स्वर्णरेखा और दमोदर नदियों को गंगा, यमुना और महानदी से जोड़ा जाएगा। करीब 13,500 किमी लंबी ये नदियां भारत के संपूर्ण मैदानी क्षेत्रों में अठखेलियां करती हुई मनुष्य और जीव-जगत के लिए प्रकृति का अनूठा और बहुमूल्य वरदान बनी हुई हैं। 2528 लाख हेक्टेयर भू-खण्डों और वनप्रांतरों में प्रवाहित इन नदियों में प्रति व्यक्ति 690 घन मीटर जल है। कृषि योग्य कुल 1411 लाख हेक्टेयर भूमि में से 546 लाख हेक्टेयर भूमि इन्हीं नदियों की बदौलत प्रति वर्ष सिंचित की जाकर फसलों को लहलहाती हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि बाढ़ और सूखे से परेशान देश में नदियों के संगम की केन-बेतवा नदी परियोजना मूर्त रूप ले लेती है, तो भविष्य में 60 अन्य नदियों के मिलन का रास्ता खुल जाएगा। दरअसल बढ़ते वैश्विक तापमान, जलवायु परिवर्तन, अलनीनो और बदलते वर्षा चक्र के चलते जरूरी हो गया है कि नदियों के बाढ़ के पानी को इकट्ठा किया जाए और फिर उसे सूखाग्रस्त क्षेत्रों में नहरों के जरिए भेजा जाए। ऐसा संभव हो जाता है तो पेयजल की समस्या का निदान तो होगा ही, सिंचाई के लिए भी किसानों को पर्याप्त जल मिलने लग जाएगा। वैसे भी भारत में विश्व की कुल आबादी के करीब 18 प्रतिशत लोग रहते हैं और उपयोगी जल की उपलब्धता महज 4 प्रतिशत है। हालांकि पर्यावरणविद् इस परियोजना का यह कहकर विरोध कर रहे हैं कि नदियों को जोड़ने से इनकी अविरलता खत्म होगी, नतीजतन नदियों के विलुप्त होने का संकट बढ़ जाएगा। इसी तथ्य की पुष्टि यह नया शोध कर रहा है। यदि केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना में आ रहे संकटों की बात करें तो इनसे पार पाना आसान नहीं है। वन्य जीव समिति बड़ी बाधा के रूप में पेश आ रही है, यह आशंका भी जताई जा रही है कि परियोजना पर क्रियान्वयन होता है तो नहरों एवं बांधों के लिए जिस उपजाऊ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, वह नष्ट हो जाएगी। इस भूमि पर फिलहाल जौ, बाजरा, दलहन, तिलहन, गेहूं, मूंगफली, चना जैसी फसलें पैदा होती हैं। इन फसलों में ज्यादा पानी की जरूरत नहीं पड़ती है। जबकि ये नदियां जुड़ती हैं, तो इस पूरे इलाके में धान और गन्ने की फसलें पैदा करने की उम्मीद बढ़ जाएगी। परियोजना को पूरा करने का समय 9 साल बताया जा रहा है। लेकिन हमारे यहां भूमि अधिग्रहण और वन भूमि में स्वीकृति में जो अड़चनें आती हैं, उनके चलते परियोजना 20-25 साल में भी पूरी हो जाए तो यह बड़ी उपलब्धि होगी ? दोनों प्रदेशों की सरकारें दावा कर रही हैं कि यदि ये नदियां परस्पर जुड़ जाती हैं तो मध्य-प्रदेश और उत्तर-प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखण्ड क्षेत्र में रहने वाली 70 लाख आबादी खुशहाल हो जाएगी। यही नहीं नदियों को जोड़ने का यह महाप्रयोग सफल हो जाता है तो अन्य 60 नदियों को जोड़ने का सिलसिला भी शुरू हो सकता है ? नदी जोड़ो कार्यक्रम मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस परियोजना के तहत उत्तर-प्रदेश के हिस्से में आने वाली पर्यावरण संबंधी बाधाओं को दूर कर लिया गया है। मध्य-प्रदेश में जरूर अभी भी पन्ना राष्ट्रीय उद्यान बाधा बना हुआ है और जरूरी नहीं कि जल्दी यहां से मंजूरी मिल जाए ? वन्य जीव समिति इस परियोजना को इसलिए मंजूरी नहीं दे रही है, क्योंकि पन्ना राष्ट्रीय उद्यान बाघों के प्रजनन, आहार एवं आवास का अहम् वनखंड है। इसमें करीब चार दर्जन बाघ बताए जाते हैं। अन्य प्रजातियों के प्राणी भी बड़ी संख्या में हैं। हालांकि मध्य-प्रदेश और केंद्र में एक ही दल भाजपा की सरकारें हैं, लिहाजा उम्मीद की जा सकती है कि बाधाएं भी जल्दी दूर हो जाएं ? हीरा खनन क्षेत्र भी नई बाधा के रूप में आ सकता है ?

-प्रमोद भार्गव,लेखक पत्रकार

## शुगर फैक्ट्री गेट पर अवैध कच्ची शराब की बिक्री जारी

काशीपुर(उद संवाददाता)। टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद अवैध कच्ची शराब के कारोबारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मजे की बात यह है कि कानूनी कार्यवाही के बाद यह और भी उद्दंड का पूर्वक गैरकानूनी कार्य को खुलकर अंजाम देते जा रहे हैं। हालिया घटनाक्रम की बात करें तो अभी कुछ दिन पूर्व रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक बुढ़िया के अलावा कंचन एवं शुगर फैक्ट्री गेट पर खोखे की आड़ में जहरीली कच्ची शराब की बिक्री करने वाले रोहित नामक कारोबारी को चौकी पुलिस ने कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर कार्यवाही किया था लेकिन बताया जा रहा है कि कानून के चुंगल से आजाद होने के बाद उपरोक्त सभी इस स्थान पर बैठकर फिर से गैरकानूनी तरीके से कच्ची शराब की बिक्री में लिप्त हो चुके हैं। सूत्रों की माने तो अकेले टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में डेढ़ दर्जन से अधिक अवैध कच्ची शराब के गैर कानूनी अड्डे आबाद है। अवैध कच्ची शराब की सर्वाधिक बिक्री रेलवे क्रॉसिंग के आसपास हो रही है। शुगर फैक्ट्री गेट के पास सोनू एवं रोहित नामक भाई अवैध कच्ची शराब की भारी भरकम खेप को हर दिन खपत करने का काम कर रहे हैं। आबकारी की नाक के नीचे अवैध कच्ची शराब के दर्जनों अड्डे आबाद होने के बावजूद कारोबारियों पर जल्दी आबकारी हाथ नहीं डालती। या फिर दूसरे लहजे में कह लिया जाय कारोबारियों से आबकारी की सांठ गांठ है तो अतिशयोक्ति नहीं होगा। कनकपुर छोटी बरखेड़ी बड़ी बरखेड़ी खड़कपुर देवीपुरा रमपुरा शिवलालपुर अमर झंडा आदि गांव में जाने से आज भी आबकारी लगातार पल्ला झाड़ रही है।

## होटल में चल रही है संदिग्ध गतिविधियां

काशीपुर। मुरादाबाद रोड पर महेशपुरा पुलिया के सामने पेट्रोल पंप के बगल स्थित एक होटल में एक बार फिर से बड़े पैमाने पर झोल-झाल की सूचना है। पूर्व में यह होटल अपने अजब गजब कारनामों के लिए सुर्खियों में रह चुका है। सूत्रों की माने तो पेट्रोल पंप के बराबर में स्थित इस होटल में होटल मैन्युअल के नियमों को दर किनार करते हुए ग्राहकों को कमरा देने का काम किया जा रहा है। इस होटल में यदि कमरा लेना है तो आपको लगेज अथवा आई डी की जरूरत नहीं है। बताया जा रहा है कि इस होटल में निर्धारित दर से अधिक दान देकर बड़ी ही आसानी से कमरा आवंटित कराया जा सकता है। आज कल यह होटल प्रेमी युगल के लिए महफूज ठिकाना बना हुआ है। इस होटल में मौज मस्ती के लिए आने वालों की तादाद काफी बढ़ चुकी है। इसके अलावा जानकारी बताते यह भी है कि होटल में अक्सर यूपी से कुछ अपराधी प्रवृत्ति के लोगों का भी आना-जाना लगा रहता है।

# शोध टीम देश के प्रथम गांव माणा रवाना

पंतनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद की बारह सदस्यों की शोध टीम भारत के प्रथम गाँव चमोली जिले के माणा गांव के लिए शुक्रवार की सुबह रवाना हुई, जिसको पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मनमोहन सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति ने टीम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में जैव प्रौद्योगिकी का पूर्ण लाभ मिले तब जाकर इस भ्रमण का मकसद पूर्ण होगा। उन्होंने ने दुर्गम क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से संचार के तरीके व उनका विश्वास जीतने को अहम बताया। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद की 12 सदस्यीय शोध टीम भारत के प्रथम गाँव चमोली जिले के माणा गांव के लिए निदेशक डॉ. संजय कुमार के नेतृत्व में रवाना हुई। शोध टीम वहाँ जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा, शोध, तकनीक व अन्य गतिविधियों को प्रचारित-प्रसारित




कर आम जनमानस तक इसका लाभ पहुंचाएगी। निदेशक डा. संजय कुमार ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के अंतर्गत जैव प्रौद्योगिकी के गतिविधियों का लाभ पर्वतीय दुर्गम क्षेत्रों के हर वर्ग तक पहुंचाना है तथा जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा, शोध को प्रदेश में व्यापक रूप से बढ़ावा देना है जिसकी शुरुआत भारत के प्रथम गांव माणा से शुरुआत की गयी है। परिषद के वैज्ञानिकों की टीम माणा के किसानों, युवाओं व ग्रामीणों को जैवप्रौद्योगिकी आधारित कृषिकरण के अंतर्गत कीवीफल, आखरोट व पिकननट की खेती के बारे में जागरूक करके उनको तकनीकी मार्गदर्शन व जानकारियाँ देगी। टीम के अन्य सदस्य एवं शोधार्थी माणा गाँव के पेयजल व मृदा गुणवत्ता परीक्षण जाँच हेतु नमूनों को संग्रह करेंगे तथा जल व मृदा गुणवत्ता परीक्षण जांच की हैंड्स आन जानकारी किसानों व युवाओं को देंगे। निदेशक संजय कुमार के नेतृत्व में शोध टीम पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए पशुओं के पौष्टिक आहार व दवाईयां वितरित करके तथा तकनीकी जानकारी के साथ उनको बीमारियों से बचाने के तौर तरीको और उच्च प्रजाति के पशुपालन की विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे ताकि वहाँ के ग्रामीण एवं युवा पशुपालन को अपनी आर्थिकी का जरिया बना सके। टीम सदस्य कौशल विकास के अंतर्गत युवाओं को ब्लड ग्रुप जांच विधि से परिचित कराएंगे। 12 सदस्यीय टीम में निदेशक डा. संजय कुमार, डा० सुमित पुरोहित, जितेन्द्र सिंह बोहरा, अनुज कुमार, सचिन शर्मा, मेघा सिंह, सोनाली प्रियदर्शिनी, चाँदनी जोशी, धीरज सुंठा, लोकेश त्रिपाठी, मदन नेगी एवं विवेकानन्द शामिल है। टीम रवाना के समय डॉ. मणिन्द्र मोहन, डॉ. जेपी जायसवाल, डॉ. अजित सिंह नैन, डॉ. बीएस बोहरा, डॉ. भास्कर तिवारी, सौरभ पंडा उपस्थित रहे।

## हादसे के आरोपी वाहन चालक पर केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बीते दिनों काशीपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से टेम्पो सवार व्यक्ति की हुई मौत के मामले में मृतक के पुत्र ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में राहुल बठला पुत्र स्व. हरीश बठला निवासी वार्ड 4 दिनेशपुर ने कहा है कि 7 अक्टूबर को उसके पिता हरीश बठला जोकि एसपी सोल्वेन्ट रूद्रपुर में गार्ड के पद पर कार्यरत थे। शाम 6:30 बजे ओटो संख्या यूके 06टीए 5262 से दिनेशपुर अपने निवास पर आ रहे थे। जैसे ही ओटो भगवानपुर आरआईटी कालेज के सामने पहुंचा की तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने ओटो में टक्कर मार दी। आटो चालक ने 108 को फोन किया। पिता की हालत गम्भीर देखते हुऐ जिला अस्पताल ले जाया गया। जहाँ डाक्टर द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

# पाखरो रेंज में पेड़ कटान घोटाले की सीबीआई जांच शुरू

## भ्रष्टाचारियों ने निर्माण कार्य में आड़े आ रहे 163 पेड़ काटने की अनुमति के बावजूद 6200 पेड़ों पर चला दी थी आरी

देहरादून(उद संवाददाता)। सीबीआई ने जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की पाखरो रेंज में निर्माण घोटाले के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पिछले दिनों हाईकोर्ट ने सीबीआई को इस मामले की जांच करने के आदेश दिए थे। मुकदमा दर्ज करने के बाद सीबीआई ने शुक्रवार को हरिद्वार में पूर्व डीएफओ किशनचंद के घर और देहरादून में पूर्व रेंजर बृज बिहारी शर्मा के घर छापे भी मारे। इस दौरान वहां से बहुत से दस्तावेज सीबीआई ने कब्जे में लिए हैं। सीबीआई इस प्रकरण में और लोगों को भी नामजद कर सकती है। पिछले दिनों पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत का नाम भी इस प्रकरण में सामने आया था। विश्व प्रसिद्ध जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व की पाखरो रेंज के 106 हेक्टेयर वन क्षेत्र में टाइगर सफारी का निर्माण होना था। वर्ष 2019 में इसका निर्माण कार्य बिना वित्तीय स्वीकृति के शुरू कर दिया गया। पेड़ काटने और अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया था। इस दौरान अनियमितताएं सामने आईं। पता चला कि इन सब कार्यों में अधिकारियों ने ठेकेदारों की मिलीभगत से 215 करोड़ रुपये बर्बाद कर दिए। इस मामले में पिछले साल विजिलेंस के हल्द्वानी सेक्टर में मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के बाद विजिलेंस ने पिछले साल ही पहले बृजबिहारी शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 24 दिसंबर 2022 को पूर्व डीएफओ किशनचंद को भी गिरफ्तार कर लिया गया। विजिलेंस इस प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की




धाराओं में चार्जशीट भी दाखिल कर चुकी थी। विजिलेंस ने 30 अगस्त को पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत के परिवार से संबंधित देहरादून स्थित एक शिक्षण संस्थान और रायवाला के एक पेट्रोल पंप पर भी छापा मारा था। यहां से सरकारी जनरेटर बरामद किए गए थे। हरक सिंह का नाम आने से प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में भी तमाम तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। इसी बीच हाईकोर्ट ने इस प्रकरण में सीबीआई से जांच कराने के आदेश दिए। सीबीआई ने विजिलेंस से जांच संबंधी दस्तावेज हासिल किए और अब इसमें मुकदमा दर्ज कर लिया। शुरुआती जांच में पूर्व डीएफओ किशनचंद और पूर्व रेंजर बृज बिहारी शर्मा को आरोपी बनाया है। इन दोनों पूर्व अधिकारियों के घर पर छापे भी मारे गए हैं। गौरतलब है कि पाखरो रेंज में 215 करोड़ के कार्यों की समीक्षा के दौरान पता चला था कि टाइगर सफारी के नाम पर खर्च हुआ पैसा दूसरे काम के लिए था। इसे कमीशन और अन्य लालच में ठेकेदारों को आवंटित कर दिया। गड़बड़ी करने वाले अधिकारी इस बात को लेकर भी आश्वस्त थे कि उन्हें जो पैसा बाद में मिलेगा, उसे उसी मद में जमा कर दिया जाएगा। जिस जगहों पर सड़क, भवन और अन्य निर्माण कार्य हुए वह कोर सेंसिटिव जोन में आता है, यहां किसी भी तरह के निर्माण कार्य नहीं हो सकते हैं। कालागढ़ रेंज के पूर्व डीएफओ किशनचंद ने निदेशक के आदेश को भी दरकिनार कर दिया था। बिना वित्तीय स्वीकृति के निर्माण कार्य की जानकारी मिलते ही कार्बेट पार्क के निदेशक ने रोक लगाने के निर्देश दिए थे। विजिलेंस की जांच में सामने आया कि पेड़ों का कटान भी बड़े पैमाने पर हुआ है। शासन ने निर्माण कार्य में आड़े आ रहे 163 पेड़ काटने की अनुमति दी थी, लेकिन वनाधिकारियों ने जेब भरने के लिए 163 के बजाय 6200 पेड़ों पर आरी चला दी थी।

# राजभवन में इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम तैयार

देहरादून(उद संवाददाता)। राजभवन में आईटी और एआई के माध्यम से पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) के निर्देशन में तैयार किए गए इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम में राजभवन देहरादून और राजभवन नैनीताल में मौजूद सामान (इन्वेंटरी) की सूची तैयार कर उनमें क्यूआर कोड लगाया गया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उस सामान या इन्वेंटरी का पूरी जानकारी आ जाएगी। क्यूआर कोड में इन्वेंटरी के प्रारंभ से लेकर निष्प्रयोज्य होने तक की जानकारी उपलब्ध होगी। इस सिस्टम के माध्यम से मैनुअल स्टॉक भरने की जरूरत नहीं पड़ेगी वहीं इसमें त्रुटि की संभावना भी न्यून रहेगी। इसमें गृह अधिष्ठान, आईटी सेक्शन, लाइब्रेरी, अवार्ड, पीडब्ल्यूडी, विद्युत एवं सिविल में उपलब्ध इन्वेंटरी को शामिल किया गया है। इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत राज्यपाल को उनके



कार्यकाल के दौरान विभिन्न समारोह एवं कार्यक्रमों में प्राप्त उपहार भी शामिल हैं जिन पर क्यूआर कोडिंग किया गया है। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राजभवन में इस पर राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि इस सिस्टम के प्रारंभ होने से डिजिटल पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि संपूर्ण इन्वेंटरी के डिजिटलीकरण के लिए एआई आधारित एकीकृत इन्वेंटरी प्रबंधन प्रणाली को विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि नैनीताल के ऐतिहासिक राजभवन में 100 वर्षों से भी अधिक पुराने सामान के लेखे-जोखे का प्रबंधन किया जाना एक मुश्किल कार्य है जो इसके माध्यम से आसान हो जाएगा वहीं राजभवन की अन्य इन्वेंटरी का प्रबंध भी आसानी से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आईटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित इस एप को राजभवन से प्रारंभ किये जाने से प्रदेश के अन्य विभागों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस एप का शुभारंभ 17 अक्टूबर को राजभवन में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के सचिवों को भी आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

# सीएम धामी का दुबई दौरा कल से

देहरादून(उद संवाददाता) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 15 अक्तूबर को वैश्विक निवेशक सम्मेलन में निवेश जुटाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जाएंगे। अपने इस दौरे में मुख्यमंत्री का अरब देश से रियल एस्टेट, आतिथ्य, लॉजिस्टिक हब और फेसिलिटी मैनेजमेंट सेक्टर के लिए निवेश जुटाने का इरादा है। इस पूरे आयोजन की तैयारी कर रही अफसरों की टीम ने कुछ निवेशकों से संपर्क भी साधा और कुछ को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संपर्क कर रही है। इस पूरे आयोजन के समन्वयक मुख्यमंत्री के सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम के मुताबिक, उत्तराखंड का प्रतिनिधिमंडल 16 अक्तूबर को दुबई और 17 अक्तूबर को आबूधाबी में अलग-अलग क्षेत्रों के उद्यमियों से अलग-अलग बैठकें करेगा। मुख्यमंत्री के



नेतृत्व में अधिकारियों का एक दल लंदन जा चुका है, जहां 19,500 करोड़ निवेश के सहमति पत्र हुए। दुबई और आबूधाबी से भी सरकार अच्छे-खासे निवेश की उम्मीद कर रही है।पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव घोषित होने के बाद प्रदेश सरकार ने हैदराबाद में 30 अक्तूबर को प्रस्तावित रोड शो रद्द कर दिया है। अब 26 अक्तूबर को चेन्नई, 28 को बंगलुरू, दो नवंबर को अहमदाबाद और चार नवंबर को मुंबई में रोड शो होंगे।

# 2700 छोलिया और झोड़ा लोक नर्तकों ने बनाया विश्व रिकार्ड

पिथोरागढ़ (उद संवाददाता)। दुनिया ने हिमालय के केंद्र में एक असाधारण और अभूतपूर्व घटना देखी। ऐतिहासिक सभा उत्तराखंड के पिथोरागढ़ में समुद्र तल से 5338 फीट (1627) मीटर) की आश्चर्यजनक ऊंचाई पर आयोजित हुई। भारत के उत्तराखंड सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित यह उल्लेखनीय कार्यक्रम पहले देखी गई किसी भी घटना से अलग था। जिसमें 2700 से अधिक लोक कलाकारों की विस्मयकारी मंडली शामिल थी, जो इस तरह का पहला आयोजन था।पिथोरागढ़ की शांत और लुभावनी सेटिंग में, जहां हिमालय की चोटियां अपनी राजसी छटा बिखेरती हैं, छोलिया और झोड़ा लोक नर्तकों का सबसे बड़ा जमावड़ा केंद्र में रहा। तुरी, राणा सिंघा, नागफनी, छोलिया, ढाल और तलवार जैसे अन्य नृत्य रूपों ने इस कार्यक्रम में और अधिक रंग जोड़ दिए जो कुमाऊं क्षेत्र से आए थे और ये प्रतिभाशाली कलाकार पूरे क्षेत्र से आए थे, उनकी जीवंत और विविध संस्कृतियां उनकी साझा विरासत का जश्न मनाने के लिए एकजुट हुईं।



पोशाक पहनी थी, प्रत्येक प्रतिभागी ज्वलंत वेशभूषा और उत्तम गहनों से सजे थे। ढोल और दमाऊ की गूंजती धुनों के साथ, नर्तक एकदम एक सुर में चले, जिससे एक ऐसा संवेदी अनुभव पैदा हुआ जो सामान्य से परे था। कलाकारों हिमालय पर्वत शृंखला की पृष्ठभूमि में आयोजित सभा के विशाल पैमाने ने इसे वास्तव में एक उल्लेखनीय और पहले कभी न देखा गया दृश्य बना दिया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत की अदम्य भावना का प्रदर्शन किया गया, क्योंकि प्रतिभागियों ने पारंपरिक की ऊर्जा और उत्साह प्रभावशाली था, जिसने कलात्मकता के इस असाधारण प्रदर्शन को देखने के लिए भाग्यशाली सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस आयोजन का सफल क्रियान्वयन संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार, भारत की दूरदर्शिता और समर्पण का प्रमाण है। इतनी ऊंचाई पर लोक कलाकारों के इस विशाल जमावड़े से उत्तराखंड की अनूठी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण मिलता है।इस ऐतिहासिक सभा ने, जहां संस्कृति, परंपरा और प्राकृतिक सुंदरता एक अद्वितीय ऊंचाई पर एकत्रित हुई, ष्समुद्र तल से 5338 फीट (1627 मीटर) ऊपर ढोल दमाऊ लोक संगीत पर प्रदर्शन करने वाले छोलिया और झोड़ा लोक नर्तकों की सबसे बड़ी सभा का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। इसे इतिहास के पन्नों में एक ऐसे आयोजन के रूप में दर्ज किया जाएगा, जिसने परंपरा को चुनौती दी और उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत के सार का इस तरह से जश्न मनाया,जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।

## पेज एक का शेष...

**बोलेरो खाई में गिरी...**मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रेस्क्यू टीम में मुख्य आरक्षी सतेंद्र सिंह,आरक्षी दिनेश चौहान,आरक्षी धजवीर चौहान,बारू चौहान,महेंद्र चौहान, पेरामेडिक्स गौरीदत्त शर्मा, चालक भूपेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

**२६ लाख की स्मैक...**थी जो एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत जेल में बंद था। नईम उर्फ शेरा ने ही दानिश को स्मैक तस्करी के बारे में बताया। जेल से बाहर आने के बाद दोनों ही स्मैक तस्करी के कार्य में लिप्त हो गए। नईम उर्फ शेरा ने ही अपने साथ राहत खान को भी इस कार्य हेतु तैयार कर लिया तथा उसकी मुलाकात दानिश से कराई। ए.एन.टी.एफ. द्वारा गिरफ्तार तस्करों के विरुद्ध थाना पुलभट्टा , जनपद ऊधम सिंह नगर में एनडीपीएस की समुचित धाराओं में अभियोग पंजाकृत कराया गया है। पकड़ने वाली टीम में एएनटीएफ कुमायूँ युनिट के निरीक्षक पावन स्वरूप,उपनिरीक्षक विपिन चन्द्र जोशी, मुख्य आरक्षी मनमोहन सिंह, आरक्षी वीरेंद्र सिंह चौहान,अमरजीत सिंह,इसरार अहमद ,राजेंद्र सिंह, आरक्षी नवीन कुमार, पुलभट्टा थाने के उप निरीक्षक पंकज कुमार आदि शामिल रहे।

**मूक बधिर छात्राओं ...**पुलिस ने आरोपी संचालक के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस ने पीड़िता 13 वर्षीय बालिका का मेडिकल कराकर कोर्ट में बयान भी दर्ज कराए। पीड़िता दिव्यांग छात्रा ने जुलाई माह में यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। पत्र में पीड़िता ने अन्य पीड़ित छात्राओं के नाम भी खोले थे। जांच में पुलिस ने संबंधित छात्राओं से पूछताछ की तो पीड़िता ने आरोपी संचालक द्वारा यौन शोषण करने की बात पुलिस को बताई। पुलिस मामले की गहराई से जांच करने में जुटी है।

**सगाई के बाद ...**शादी तय होने पर रेहान ने युवती के मंगेतर के मोबाइल फोन पर ऑडियो वीडियो क्लिप डाल दी जिससे उसका रिश्ता टूट गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ शिकायती पत्र देने पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी डाक द्वारा लिखित सूचना देने के बाद जब उन्होंने कोई कार्यवाही नहीं की तो मजबूर होकर पीड़ित पक्ष में कोर्ट की शरण ली। न्यायालय में प्रार्थना पत्र देने पर अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए।

**आवारा जानवरों को ...**कुछ महिला पुरुषों द्वारा निगम टीम के ऊपर लाठी-डण्डो से हमला कर सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश की गई । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आयुर्वेदिक उत्पाद इम्बो से एलर्जिक सर्दी-जुकाम का प्रभावी इलाज

गदरपुर(उद संवाददाता)। कहने को तो मामूली सर्दी जुकाम है, परंतु जब होता है बारंबार तो इसका रोगी हो जाता है परेशान।



ऐलोपैथिक दवाईयां आराम तो लाती है, लेकिन रोग को दुबारा होने से नहीं रोक पाती। साथ ही इन दवाईयों का दुष्प्रभाव भी होने लगता है। वैद्य चंद्र प्रकाश कैंसर रिसर्च फाउंडेशन की प्रवक्ता वैद्य शिखा प्रकाश ने बताया कि उक्त संदर्भ में कानपुर के जी एस वी एम मेडिकल कॉलेज के बाल विभाग में हुए एक अनुसंधान ने दिखाया है कि आयुर्वेदिक फॉर्म्युलेशन इम्बो नामक उत्पाद एलर्जिक राइनाइटिस के उपचार में क्रांति ला सकता है। यह अध्ययन न केवल लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है, बल्कि उसके कारणों को भी समाधान प्रदान करने में सहायता कर सकता है। इस अध्ययन में, 250 रोगीगण समाहित हुए थे, जो कि एक मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा प्राप्त कर रहे थे। रोगीगण दो समूहों में विभाजित किए गए थे, जिसमें से एक समूह इम्बो प्राप्त करने के लिए चुने गए थे, जबकि दूसरा समूह लेवोसेटिरिजीन और मोंटेलुकास्ट की संयोजन था। अनुसंधान के परिणामों में खास बात यह थी कि इम्बो समूह में लक्षणों में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया था। संकेत स्कोरों में सांख्यिकीय रूप से उच्च तुलना में इस महत्वपूर्ण अनुसंधान के परिणामस्वरूप, यह सिद्ध किया गया है कि इम्बो नामक आयुर्वेदिक फॉर्म्युलेशन एलर्जिक राइनाइटिस के उपचार में बहुत ही प्रभावी है और यह रोग के कारणों को भी संक्षेप में समाधान प्रदान कर सकती है। इस साफ और प्रभावी उपचार के साथ, आगामी समय में अधिक अनुसंधान और विकास द्वारा आम जनता के स्वास्थ्य को समृद्ध बनाया जा सकता है। आजकल के खानपान रहन सहन के कारण लोगो की रोग प्रतिरोधक शक्ति धीरे धीरे कम हो रही है। इसी कारण एलर्जी के मरीजों की संख्या आबादी का 30 से 60 प्रतिशत तक पहुँच गया है। वर्तमान में शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाकर एलर्जी को ठीक करने की जरूरत है। आयुर्वेद द्वारा सर्दी जुकाम ठीक करने का यह प्रथम वैज्ञानिक अध्ययन है जिसके परिणामों को अमेरिका से प्रकाशित होने वाले अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा जर्नल "क्यूरियस" के वर्तमान अंक में प्राकाशित किया गया है। इम्बो का ईजाद गदरपुर स्थित पड़ाव विशिष्ट चिकित्सा केंद्र के संस्थापक और पद्मश्री से सम्मानित मशहूर वैद्य बालेंदु प्रकाश ने वर्षों के चिकित्सा अनुभवों के आधार पर किया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने उठाये कई मुद्दे

गदरपुर(उद संवाददाता)। क्षेत्र पंचायत विकास समिति की बैठक में नहरों की सफाई,जर्जर विद्युत पोल,विद्युत लाईन,पेयजल,क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत,नहरों की सफाई आदि समस्याओं को उठाया गया। शुक्रवार को विकास खण्ड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख पूनम रानी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी हिमांशु जोशी परियोजना निदेशक,जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ऊधमसिंह नगर के निर्देशन में कार्यवाही आरम्भ की गयी। बैठक में सिचाई,नहरों की सफाई तथा जर्जर विद्युत पोल व विद्युत लाइन,पेयजल लाइन बिछाने,क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की समस्याए आदि प्रमुखता से उठाई गयी। क्षेत्र पंचायत सदस्य सलविंदर सिंह कलसी ने जर्जर विद्युत पोल बदलने, ग्राम प्रधान कोपा मनोज देवराड़ी ने सिचाई नहरों की सफाई,विद्युत पोलों की मांग तथा ग्रामीणों के आय प्रमाण पत्र बनाने में आ रही समस्याओ को प्रमुखता से रखा। क्षेत्र पंचायत सदस्य खानपुर पूर्व कौशल विश्वास ने विद्यालयों के प्रांगण में बरसात में जल भराव से निजात हेतु मिट्टी भरान कराने की मांग की। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण ने खण्ड शिक्षाधिकारी को प्रस्ताव बनाकर जनपद स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ऊधमसिंह नगर द्वारा आँगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों/महिलाओं को पोषाहार प्राप्त होने की जानकारी दी गयी तथा नये आगन बाडी केन्द्र निर्माण हेतु मनरेगा व विभागीय अंश से स्वीकृति से सम्बंधित प्रस्ताव ग्राम पंचायतों से उपलब्ध कराने हेतु जानकारी दी गयी। बैठक में उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं/सुविधाओं की जानकारी दी गयी तथा प्राप्त शिकायतों/समस्याओ के शीघ्र निस्तारण हेतुसदन को



आश्वस्त किया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध,जिला कार्यक्रम अधिकारी उदय प्रताप सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन,जिला पंचायत राज अधिकारी डा० महेश कुमार, विकास खण्ड प्रभारी कृषि जीएस चौहान,डीपीओ मनरेगा अमित कुमार मेहरा, सीडीपीओ गदरपुर बीना भंडारी, पशु चिकित्साधिकारी डा.शंकर झा,सहायक सहकारिता अधिकारी सहकारिता सारिका जोशी, सहायक अभियंता पेयजल निगम अनिल कुमार शुक्ला,सहायक अभियंता लघु सिचाई गुरदेव सिंह,सहायक अभियंता नलकूप हर्षित गुप्ता, मतस्य निरीक्षक नीलू नगरकोटी, वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक सुभाष रयाल,लेखाकार मदन सिंह सैनी, सुमित उपाध्याय ,आनन्द बिष्ट, हीरा बिष्ट,रवि आर्या,दीपक अस्गोला,सर्वेश सैनी,विश्वजीत, विकास,शिखर ओझा गौरव त्रिपाठी,मुदस्सिर अहमद,पीसी जोशी,सुधंदु सरकार,पूनम पनेरू, पार्वती चन्द, गोविन्द सिंह,रविन्द्र उपाध्याय सहित जेष्ठ उपप्रमुख टिप्सन नरूला, कनिष्ठ उपप्रमुख बैजयंती मंडल,प्रधान संघ अध्यक्ष गुरविन्दर सिंह विर्क,ग्राम प्रधान खटोला मुकेश सिंह,प्रधान कूल्हा सुंदर गिरी,प्रधान मदनापुर हेम गिरी,प्रधान खानपुर पूर्व बिसन सिंह,क्षेत्र पंचायत सदस्य मंगोला, सुरबाला,गीता देवी,गुरमेल सिंह, मधुबाला,मीरा मल्लिक आदि उपस्थित रहे ।बैठक का संचालन खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी द्वारा किया गया।

# श्री राम बारात में शामिल होगी हरिद्वार के संतों की टोली

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन शिव मन्दिर कमेटी मंगल पड़ाव द्वारा अयोजित होने वाली भगवान श्रीराम बारात को लेकर कमेटी के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता कर कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। संरक्षक रूपेन्द्र नागर व कार्यक्रम सयोजक हरिमोहन अरोड़ा ने बताया कल 15 अक्टूबर को भगवान श्री राम की भव्य बारात लटूरिया आश्रम बरेली रोड से दोपहर 2 बजे से निकाली जायेगी। जिसमे हरिद्वार से 50 संतो की टोली भी शामिल होगी। उन्होंने बताया कि माँ कालिका भव्य स्वरूप, 11 हनुमान जी का अलग अलग स्वरूप, विश्व हिन्दू परिषद की झांकी व पंजाब



बैंड जयपुर की शहनाई मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगा। अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता व मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया अयोध्या से सन्दीप सिन्धी द्वारा भेजी गई मेहंदी को हजारों महिलाओं द्वारा लगाया जायेगा। साहू ने बताया राधा कृष्ण मन्दिर को अयोध्यापुरी की भव्यता के साथ सजाया जा रहा है। राम बारात में करीब 5 हजार से अधिक भक्त शामिल होगे। शहर की सभी संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। पत्रकार वार्ता में संरक्षक सुभाष मोंगा, महामंत्री पदम् पाल, सुशील गुप्ता, शिव कपूर, अमित आसवानी, नन्द किशोर जायसवाल, मुरली मुलानी, हिमान्शु मिश्रा, सूरज लाम्बा, प्रदीप कक्कड़, अनिल अग्रवाल, सुनील गुप्ता, सन्नी कपूर समेत तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे।

# खाईबाड़ी करता सटोरिया दबोचा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। लोगों का रुपया 8 गुना करने का लालच देकर अवैध रूप से सट्टा लगवा रहे एक सट्टेबाज को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के दिशा-निर्देशन में आरक्षी भूपेंद्र जेष्ठा एवं परवेज अली द्वारा बनभूलपुरा निवासी एक अरुण कुमार को सार्वजनिक स्थान पर लोगों का रुपया 6 से 8 गुना करने का



लालच देकर अवैध रूप से सट्टा लगवाते हुए गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से अवैध सट्टा पर्ची, गत्ता, पेन एवं नगद 1070 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने उसके विरुद्ध 13 जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# ट्रांजिट कैंप में शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव 19 से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिक श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके लिए सभी तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि आज रात्रि 10.52 बजे महालय कदली छेदन ( केला वृक्ष) पूजा पद्धति का शुभ मुहूर्त किया जायेगा। 19 अक्टूबर पंचमी दिवस पर सायं 7 बजे आयोजन स्थल नेताजी सुभाष पार्क ट्रांजिट कैंप में मेंला का शुभारंभ किया जायेगा। जिसके बाद 7.30 बजे कोलकाता की जी बंग्लाप्रसिद्ध भवतारिणी महिला ढाकी की प्रस्तुति होगी। 8 बजे से स्थानीय स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा बांग्ला गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए जायेंगे। उन्होने बताया कि 20 अक्टूबर षष्ठी दिवस पर प्रात:9.20 बजे पूजा, 10.30 बजे पुष्पांजलि तथा सायं 7 बजे जादूगर मृणयमय की प्रस्तुति होगी। रात्रि 8.30 बजे दिल्ली की सोनी सिस्टर्स का भजन संध्या कार्यक्रम होगा। उन्होने बताया कि 21 अक्टूबर महा सप्तमी दिवस पर प्रात: 7.55 बजे पूजा,



दोपहर 12.30 बजे पुष्पांजलि, सायं 6.30 बजे संध्या आरती प्रतियोगिता तथा रात्रि 9 बजे बांग्ला जात्रागान (ओगो विष्णु प्रिया) होगा। 22 अक्टूबर महा अष्टमी दिवस पर प्रात: 9.17 बजे पूजा, दोपहर 12 बजे पुष्पांजलि, सायं 6.30 बजे संध्या आरती प्रतियोगिता तथा रात्रि 9 बजे आर्केस्ट्रा बैंड मुंबई के प्रसिद्ध गायक अतुल पंडित का कार्यक्रम होगा। 23 अक्टूबर महानवमी दिवस पर प्रात: 8.21 बजे पूजा, 11बजे पुष्पांजलि, 12.30 बजे हवन, दोपहर 2 बजे पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता, सायं 6.30 बजे संध्या आरती प्रतियोगिता तथा रात्रि 9 बजे कोलकाता के दीपंकर दास बाउल का बांग्ला बाउल गान होगा। 24 अक्टूबर विजय दशमी दिवस पर प्रात: 7.57 बजे पूजा, 9.22 बजे पुष्पांजलि, रात्रि 8 बजे जी बंग्ला प्रसिद्ध भवतारिणी महिला ढाकी की प्रस्तुति होगी। 9 बजे डांस जलवा नाईट सीजन 2 प्रतियोगिता होगी। 25 अक्टूबर एकादशी दिवस पर प्रात: 10 बजे सिंदूर खेला एवं 11 बजे प्रतिमा विसर्जन किया जायेगा। आयोजन समिति ने सभी जनता से उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में सपरिवार शामिल होकर मां दुर्गा का आर्शीवाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।


